>

Title: Need for environmental clearance for the proposed setting up of industrial barrages on river Mahanadi in Raipur, Janjgir Champa and Raigarh districts of Chhattisgarh keeping in view their potential impact on environment.

डॉ. चरण दास महन्त (कोरबा): छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के जल संसाधन विभाग द्वारा महानदी पर रायपुर, जांजगीर, चांपा एवं रायगढ़ जिलों में छः औद्योगिक बैराज बनाने की स्वीकृति प्रदान कर, निविदा भी आमंत्रित कर निर्माण की तैयारी की जा रही है। इन प्रत्येक नदी घाटी परियोजनाओं की लागत सौ करोड़ रुपए से अधिक है। सौ करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं के लिए केन्द्रीय पर्यावरण विभाग की अग्रिम स्वीकृति अपरिहार्य है, जबकि इन परियोजनाओं के लिए अभी तक कोई स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई है1 इन परियोजनाओं से क्षेत्र के कृषकों का कोई भला होने वाला नहीं है बल्कि आने वाले वर्षों में बाढ़ का खतरा बढ़ जाएगा। अतः निर्माण के पूर्व पर्यावरण विभाग को हस्तक्षेप कर बाढ़ एवं पर्यावरण के खतरे का आंकलन करना आवश्यक है। अतः केन्द्र सरकार शीघ्र ही पर्यावरण आंकलन कराए और तब तक के लिए निर्माण पर रोक लगाने के निर्देश दे।